पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्माणाधीन 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

लखनऊ : 02 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को प्रयागराज में निर्माणाधीन 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए पुल के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण में उपमुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने पुल के निरीक्षण के दौरान पुल पर सुरक्षा सम्बंधी सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के साथ–साथ व्यू कटर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है।

इस अवसर पर मीडिया से मुखातिब होते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 6 लेन पुल के बन जाने पर फाफामऊ में लगने वाले जाम से लोगो को राहत मिलेगी व समय की बचत होगी। कहा कि पुल के शुरू हो जाने पर माघ मेला, कुम्भ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं एवं कल्पवासियों के आवागमन में सुगमता होगी और यह पुल प्रयागराज के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मा0 विधायक फाफामऊ श्री गुरु प्रसाद मौर्य, श्री संजय गुप्ता, श्रीमती निर्मला पासवान, श्री राजेश शुक्ला के साथ–साथ अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगणों के अलावा सम्बंधित विभाागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सम्पर्क सूत्र– बी0एल0 यादव

राम यतन/06:05 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in